कर्नाटक शिक्षा अधिनियम, 1983 (कर्नाटक अधिनियम नं. 1, 1995), अनुच्छेद 2(29) के अनुसार रैकिंग की परिभाषा इस प्रकार है- किसी छात्र को मजाक में या अन्य किसी प्रकार से ऐसा कार्य करने के लिए कहना, प्रेरित करना या बाध्य करना, जो मानव-मर्यादा के खिलाफ हो या जो उसके व्यक्तित्व के विपरीत हो या जिससे यह हास्यापद हो जाए या डरा-धमकाकर गलत ढंग से रोककर गलत ढंग से बंद करके चोट पहुंचाकर या उस पर अनुचित दबाव डालकर या उसे इस प्रकार की धमकी, गलत अवरोध, गलत ढंग से बंदी बनाने, चोट या अनुचित भय दिखाकार वैधानिक कार्य करने से मना करना।

**रैगिंग का स्वरूप :- रैगिंग निम्नांकित रूपों (सूची केवल निर्देशात्मक है, संपूर्ण नहीं) में पाई जाती है - स्पष्ट आदेश**

1. वरिष्ठ छात्रों को सर कहने के लिए।
2. सामूहिक कवायद करने के लिए।
3. वरिष्ठों के क्लास नोट्स उतारने के लिए।
4. अनेक सौंपे हुए कार्य करने के लिए।
5. वरिष्ठ के लिए भृत्योचित कार्य करने के लिए।
6. अश्लील प्रश्न पूछने या उनका उत्तर देने के लिए।
7. नये छात्रों को अपने सीधेपन के विपरीत आधात पहुंचाने हेतु अश्लील चित्रों को देखने के लिए।
8. शराब, उबलती हुई, आदि पीने के लिए बाध्य करना।
9. कामुक संकेतार्थ वाले कार्य- समलैंगिक कार्य सहित करने के लिए बाध्य करना।
10. ऐसे कार्य करने के लिए बाध्य करना, जिससे शारीरिक क्षति, मानसिक पीड़ा या मृत्यु तक हो सकती है।
11. नंगा करना, चुंबन लेना आदि।
12. अन्य अश्लीलताएं करना।

उपर्युक्त ये बिन्दुओं से यह विदित होता है कि प्रथम पांच को छोड़कर अधिकतर रैगिंग के विकृत रूपों से युक्त है।

**रैगिंग में लिप्त होने पर दिए जाने वाले दंड -**

1. प्रवेश निरस्त किया जाना।
2. कक्षा/ छात्रावास के निष्कासित किया जाना।
3. छात्रवृत्ति अथवा अन्य सुविधा रोकना।
4. परीक्षा परिणाम रोकना।
5. परीक्षाओं से वंचित करना।
6. राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय तथा युवा उत्सव में भाग लेने पर प्रतिबंध।
7. संस्था से निष्कासित किया जाना।
8. आर्थिक दंड रू. 25000/तक।

************************************

## CODE OF CONDUCT FOR TEACHERS

The Teachers of this College should follow the code of conduct laid down in Chhattisgarh Government Service Rules & Regulations as well as Guidelines provided by UGC for College Teachers. As per UGC guidelines, a person accepting teaching as a profession presumes the commitment to conduct himself/herself in accordance with the ideals of the profession. A Teacher is continually under the watch of students and the society at large. Therefore, every Teacher must see that there is no clash between his principles and doings. The national ethics of education must be his/her own morals. The vital moral values underlying the code are concern, belief, honesty and regard; exemplifying those characteristics related to the Teacher entrusted with social responsibility. A definitive code of conduct for Teachers of our College incorporates the following:

### A. Professional, Personal & Social Values

i. Teacher should be careful and dedicated to the education of the students. This approach must be aimed at towards the particular requirements of each student. Teacher should be diligent and committed and should be even ready to help out the students past class hours without desiring any remuneration.

ii. Teacher shall not thwart students from conveying their viewpoints even if it differs from Teacher's own views. The students should be encouraged. Teachers are supposed to recognize positive criticism from students.

iii. Teacher must try to build up an educational environment. Equal treatment must be given out to all students irrespective of caste, creed, religion, gender or socio-economic status. There must not be any bias or malicious outlook towards any of them.

iv. Teacher's aim is supposed to be to motivate students to breed more awareness and extend a sense of inquiry in the quest of knowledge.

v. Teacher should inspire a scientific and democratic attitude among students, making them society oriented, loyal and open minded.

vi. Teachers must abide by the philosophy of their profession and act in dignified manner. Teachers must maintain in their minds that society has trusted them with their children.

### B. Professional Expertise Development

i. Learning is a continuous process. It is essential that Teachers must always update themselves in their respective fields in order to upgrade themselves and their students. Teachers must also acquaint themselves with latest advancements, methodologies and relevant informations.

ii. Teachers must apart from teaching, perform research & innovation for constant improvement and progress of subject knowledge. They should involve themselves in seminars and conferences and workshops for multi-disciplinary knowledge of academic topics.

iii. Planning, developing, executing novel teaching techniques and strategies as well as curriculum improvement & planning for an advanced academic structure should be a essential part of Teachers' professional duties.

iv. Teachers will have to carry out the College's educational responsibilities such as conducting admissions, College seminars and conferences and workshops etc. They should also participate in co-curricular activities of the College like sports, extension activities and cultural programmes. This shall help in creating a holistic development and an amiable relationship with the students.

### C. Professional & Educational Integrity

i. Teachers must follow honesty in professional practices by truthfully representing the documents of their qualifications, experiences and other credentials.

ii. Ethics must not be compromised in Research. Plagiarism is an immorality that cannot be accepted at any point. The aim of Teachers should be to develop the quality of research and not adultrate or contaminate it with plagiarism.

iii. There must be no conflict of interest between professional assignments and private works. Private tuitions and tutoring should be evaded as they reflect poorly on the value of College teaching.

**iv.** Teachers must abide by the confidentiality of all informations regarding exam affairs as well as issues related with Colleagues and Students unless legally warranted.

**D. Professional Alliances, Collaborations & Teamwork**

**i.** Teachers should be polite and supportive towards their Colleagues while helping them and sharing the tasks in a mutual manner.

**ii.** Teachers should abstain from laying uncorroborated accusations against their Colleagues to suit their selfish interests.

**iii.** Teachers must fulfil their responsibilities according to the established rules described by the top authorities and also hold on to the terms & conditions of their contracts.

**iv.** Teachers should desist from reacting to avoidable political interferences as these damage the sanctity and improvement of an educational organization.

**v.** Teachers must extend respect to the non-teaching staff. The decisions regarding the College must be done with consensus of all.

**vi.** Teachers must hold periodical communications with the Parents of the Students for improving the progress of students.

**vii.** Teachers must abstain from taking unnecessary long leaves and keep up regularity for even functioning of the College.

**General Duties & Responsibilities**

**1.** Teachers should teach the subjects assigned by the Head of the Department.

**2.** Teachers should complete the syllabus in time.

**3.** Tutor – Ward system must be effectively implemented. Teachers shall monitor the respective group of students who are attached to them.

**4.** Teachers should be good counselors and facilitators. They should help, guide, encourage and assist the students to ensure that the Teaching-Learning Process is effective and successful. Value based education must be their motto.

**5.** Teachers should maintain decorum both inside and outside the classroom and set a good example to the students.

**6.** Teachers should carry out other academic, co-curricular and organizational activities that may be assigned to them from time to time.

**7.** Teachers must report in time to duty as per the working hours and should be available in the campus during the working hours.

**8.** Prior written permission is required from the Principal / atleast a day in advance while availing casual leave.

**9.** Staff members are encouraged to write text books, publish articles in reputed Journals and present papers in Seminars and Conferences.

**10.** Staff members are encouraged to take up Research projects.

**11.** Staff members should also attend Faculty Development Programmes, Quality Improvement Programmes etc to update their knowledge.

**12.** Staff members are encouraged to undergo Practical Training in Industry and can take consultancy Work as part of Industry – Institute interaction.

**13.** No teacher should involve himself/ herself in any act of moral turpitude on his / her part which may cause impairment or bring discredit to the institution or Management.

**14.** No teacher should involve himself or herself in any form of political activity inside or outside the campus.

**15.** Teachers should attend the College neatly and decently dressed.

**16.** No teacher shall send circulars / distribute handbills to the staff, organize meetings in the campus without permission from the Principal.

17. Heads of Departments must submit the Department's time table to the Principal. Any change must also be reported to the Principal.

18. Teachers are encouraged to conduct research on their topic of interest.

19. Teachers are expected to attend Department academic association meetings, seminars etc and also college functions like Sports Day, College Day, Independence Day and Republic Day celebrations.

20. Teachers are expected to Volunteer, to take up extra classes for students of Certificate, Diploma and other Career Oriented Programmes.

21. HODs are responsible to extract work from the Non-Teaching staff in keeping the Department clean & Tidy.

*********************************************

# CODE OF CONDUCT FOR PRINCIPAL

The Principal of a Government College has to perform versatile roles and has joint responsibilities of sustaining, protecting, guardianing, controlling, managing, adjudicating, defending, inspiring and motivating the Students, Teachers, Non-Teaching Staff in the College. Since Principal is the academic and administrative head of the College, certain codes of ethics in his conduct as decreed by the UGC in accordance with the guidelines by MHRD as well as the rules and regulations by the Government of Chhattisgarh. The salient and significant codes of conduct applicable to the Principal of Govt. Dr. W.W. Patankar Girls PG College are postulated below:

1. To encourage and conserve the culture of inclusiveness with regards to imparting education in the College.
2. To shield the combined concerns of all sections of the College in order to make them perform unreservedly and offer their maximum for the organization development.
3. To ensure equivalent treatment to all the sections of the College without any discrimination.
4. To keep up the spirit of societal integrity for all the sections of the College irrespective of their caste, creed, race, sex and religious identity.
5. To build and uphold an unprejudiced gender neutral environment in the College so that all genders enjoy equal opportunities.
6. To create and sustain requisite vigilance among all the sections of the College so that the probability of occurrence of sexual harassment becomes minimized and eventually eliminated.
7. To generate and promulgate the spirit of welfare within all the sections of human resources associated directly or indirectly with the College to develop mutual confidence amongst them.
8. To preserve and encourage scholarly activities in the College for exploration of new avenues of academic pursuits.
9. To build an atmosphere favorable for research oriented academic activities in the College to enhance its pool of knowledge.
10. To enforce discipline in the conduct and behaviour of all the sections of the College and to uphold campus-tranquillity essential for academics.
11. To encourage and continue the practice of extra-curricular activities amongst the students of the College for the promotion of social dynamism and cultural heritage.
12. To make an effort to maintain the serenity of the College surroundings so that educational values gradually and eventually prevail for best academic practices.
13. To promote and keep up amiable relationship of the College with the adjacent societies so as to ensure natural flourish of all the Students of the College.
14. To make efforts for preserving enthusiasm of all the sections of the College so as to nurture & augment their capabilities.

As the academic head of the College, the Principal should ensure the continuation of an academic atmosphere within the College and should put efforts for encouraging research activities. The Principal must endeavor his/her best to fetch in ample infrastructural and financial support for the College. The Principal should motivate and persuade the Teachers of the College to take up research projects, publish research papers, arrange for and participate in seminars / conferences / symposiums / workshops.

***************************************************

## CODE OF CONDUCT FOR NON-TEACHING STAFF

1. Non-Teaching staff functioning in the College office or departments should remain on Duty during working hours.
2. Non-Teaching Staff assigned to Laboratories should keep the Labs clean.
3. Any Loss or damage to any article in the Lab or Class Room should be reported to the HOD in writing immediately.
4. Non-Teaching Staff, working in the Lab, shall maintain a stock register for all the articles, equipments, chemicals, etc. It shall be submitted to the HOD and the Principal and their signatures obtained.
5. Non-teaching staff will carry out their duties as instructed by the authorities to whom they are attached.
6. Non-Teaching staff shall not leave the College premises without permission during the working hours.
7. Non-Teaching staff should acquaint themselves with the College policies and adhere to them to their best ability.
8. Every Non-Teaching staff should perform the duties assigned to them sincerely and diligently as well as with accountability.
9. Non-Teaching staff should avail of leave with prior intimation to their Reporting officer. In case of sudden emergency, information on their absence should be promptly forwarded to the College Authority.
10. Non-Teaching staff should not, on any account, undertake any other job within the stipulated office hours. Neither shall he engage himself in any trade or business within college premises.
11. Non-Teaching staff should not hamper the functioning of the college by engaging themselves in political or antisecular activities.
12. Non-Teaching staff should not engage in remarks or behaviour that might be considered disrespectful to their teaching colleagues or students.

### Workplace Conduct

13. Non-Teaching staff should be punctual as their prior presence is required daily for the commencement and smooth functioning of college activities.
14. Non-Teaching staff should also be responsible for the proper use and maintenance of college equipments and furniture.
15. Non-Teaching staff must not be under the influence of drugs or alcohol during office hours.
16. Non-Teaching staff often has access to confidential information regarding examination matters and other matters relating to other staff, through official records. It is expected that they respect the confidentiality of such matters.
17. Non-Teaching staff should perform their duties with honesty and integrity. There should be no falsification of official documents entrusted to them.
18. Non-Teaching staff should show no discrimination on basis of gender, caste or religion.

### Professional Relationship


19. Interactions between Non-Teaching staff and students are frequent as for example during counselling, admissions, disbursement of financial aid, examinations and so on. On a regular basis the students come into contact with Non-Teaching staff in Offices, libraries, laboratories. It is expected that they behave in a helpful, friendly and patient manner towards the students.
20. Non-Teaching staff should give due respect to the decisions made by the college authorities. Any matter of contention should be settled amicably and not through antagonistic behaviour.
21. The non-teaching staff should consider the teaching staff as their colleagues and not as separate entities. It is the shared

functioning that will generate a harmonious environment.

2. The Non-Teaching staff is the first to come into contact with the guardians of students as during examinations. They must keep in mind that their behaviour will be considered to reflect that of the College. They should thus interact patiently and cooperate with the Students and their parents.

**REFERNCES –**


1. http://deanofstudents.ucsc.edu/student-conduct/student-handbook/pdf/120.0-policystudent-participation-governance.pdf
2. http://www.admin.cam.ac.uk/univ/plagiarism/
3. http://www.aresearchguide.com/6plagiar.html
4. https://www.indiana.edu/~tedfrick/plagiarism
5. http://web.mit.edu/academicintegrity/
6. http://www.northwestern.edu/provost/students/integrity/
7. http://www.scientificvalues.org/cases.html
8. IISC Students Code of Conduct PDF
9. Code of Conduct, Taki Govt College.


GOVT. DR. W.W. PATANKAR GIRLS' PG COLLEGE, DURG
Core Values of the Institute
• Students are of primary concern in our Institution.
• We religiously follow integrity, civility, chivalry and honesty.
• We pursue excellence with righteousness.
• We appreciate and propagate equality and unity in diversity.
• We support and promote creativity, enquiry, critical and scientific thinking.
• We follow the best methods of interactive teaching for better academics.
• We aim at building a future generation of responsible citizens for a better India.
संस्थान के आन्तरक नैतिक मूल्य
• हमारी संस्था में छात्र प्राथमिक चिन्तन के पात्र है ।
• हम धार्मिक रूप से अखण्डता, सभ्यता, शिष्टता और सत्यता का पालन करते है ।
• हम प्राथमिकता से श्रेष्ठता का अनुसरण करते हैं ।
• हम विविधता में समानता और एकता की सराहना और प्रचार करते हैं ।
• हम रचनात्मकता, समालोचनात्कता तथा वैज्ञानिक सोच का प्रवर्तन और समर्थन करते हैं ।
• हम संवादात्मक शिक्षण का पालन छात्रों के बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए करते हैं ।
• हमारा उद्देश्य जिम्मेदार भावी पीढ़ी का निर्माण है एक बेहतर भारत के लिए ।

# शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग

नैक से 'बी' (2.90) ग्रेड की अधिमान्यता प्राप्त महाविद्यालय

# कैम्पस न्यूज

वर्ष- 1
अंक -1
दिसम्बर - 2016


## नारी शक्ति से राष्ट्र की छबि बनती है - प्रेमप्रकाश पांडे



महाविद्यालय में नवनिर्वाचित छात्रसंघ का शपथ समारोह उच्च शिक्षा मंत्री श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। छात्राओं को संबोधित करते हुए श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि नारी शक्ति से संपूर्ण राष्ट्र की छवि बनती है। कालिदास की बहस विद्वोत्मा से हुई तब कालिदास विद्वान बने। लोकतन्त्र की सफलता के लिए छात्रसंघ को जागरूक होना है। मतदाता जागरूकता हेतु आपको विशेष योगदान देने की आवश्यकता है। मंत्री जी ने घोषणा की कि महाविद्यालयों की जनभागीदारी समिति में छात्रसंघ के अध्यक्ष एवं सचिव सदस्य होंगे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने संबोधन में विगत वर्षो में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हुए विकास को उल्लेख करते हुए महाविद्यालय में निर्मित हो रहे 14 अध्ययन कक्षों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अध्यक्षता जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री वर्मा ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्रसंघ की अध्यक्ष कु. रूचि शर्मा, उपाध्यक्ष कु. नेहा साहू, सचिव कु. कोमल डडसेना तथा सहसचिव कु. निकिता पाण्डेय को शपथ दिलाई। 45 कक्षा प्रतिनिधियों ने भी शपथ ली। छात्रसंघ अध्यक्ष कु. रूचि शर्मा ने अपने संबोधन में महाविद्यालय की समस्याओं की ओर ध्यान दिलाते हुए विज्ञान प्रयोगशालाओं, सभागार तथा वाहन स्टैण्ड के निर्माण की मांग की तथा कन्या छात्रावास को पूरा करा कर प्रारंभ करने का अनुरोध किया। कु. रूचि शर्मा ने महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी की ओर भी मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराया।



## बालिका शिक्षा के लिए बढ़े हाथ (अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट की अनुकरणीय पहल)



जिले का यह सबसे बड़ा महाविद्यालय है जहाँ बालिकाएँ उच्च शिक्षा ग्रहण करती है। यहाँ अध्ययनरत लगभग 2500 छात्राओं में अधिकांश ग्रामीण अंचल की छात्राएँ है जिनके लिए स्नातकोत्तर कक्षा तक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय का अध्यापन होता है। इस महाविद्यालय में छात्राओं के रूचि के विषयों संगीत, नृत्य, फाईन आर्ट्स के विभाग भी संचालित है जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर छात्राएँ अपनी प्रतिभा दिखलाती है।

शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययन शुल्क कम होने के बावजूद अधिकांश निर्धन परिवार की छात्राएँ शुल्क व अन्य शुल्क जमा करने में असमर्थ हती है। शहर के अग्रसेन वेल फेयर ट्रस्ट ने इसके लिए पहल की और ''माता माधवी बालकि शिक्षा सहायता योजना'' के तहत छात्राओं को मदद करने का संकल्प लिया।

इसका ही परिणाम है कि ट्रस्ट ने इस सत्र में 50 छात्राओं का शुल्क जमा किया और उन्हें कॉलेज बैग भी प्रदान किया इसके लिये इस सत्र में ट्रस्ट ने 72 हजार रुपये की सहायता की है जो कि अनुकरणीय है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि हम छात्राओं को परीक्षा शुल्क तथा कॉपी, किताब, बैग, कैल्कुलेटर के लिये भी सहायता करेंगे जिससे निर्धन वर्ग की छात्राएँ पढ़ाई से वंचित न हो सके। ट्रस्ट उन छात्राओं की पढ़ाई का भी जिम्मा लेगा जिनके पालक नहीं है या आर्थिक परिस्थितियों से जूझ रहे है। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने इस योजना का विस्तार से जानकारी दी तथा ट्रस्ट के इस महती कार्य पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अग्रसेन ट्रस्ट और महाविद्यालय के शिक्षकों के प्रयास को अनुकरणीय बतलाया। आज एक कार्यक्रम में ट्रस्ट के पदाधिकारीगणों ने उन सभी छात्राओं को जिन्हें ट्रस्ट ने आर्थिक सहायता दी है कॉलेज बैग का वितरण किया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन श्री विजय अग्रवाल ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि इस महाविद्यालय की कोई भी छात्रा प्रवेश शुल्क के अभाव में शिक्षा से वंचित नहीं रहेगी तथा भविष्य में महाविद्यालय प्रशासन छात्राओं के हित में जिस तरह का भी आर्थिक सहयोग ट्रस्ट अपेक्षित रखेगा ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराया जावेगा। ट्रस्ट की ओर से आज के इस कार्यक्रम में श्री रेखचंद अग्रवाल, श्री कमल नारायण रूंगटा, श्री महेन्द्र सक्सेरिया, श्री राधेश्याम मंगल, श्री सत्यप्रकाश बंसल, श्री राधेश्याम अग्रवाल उपस्थित थे।



# देसी डे पर गरबा की धूम



महाविद्यालय में नवरात्रि के अवसर पर गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रसंघ के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्राओं के 6 समूहों ने भाग लिया । छात्रसंघ की अध्यक्ष कु. रूचि शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया क पारंपरिक त्योहारों के लिए छात्राओं की अभिरूचि को प्रोत्साहित करने विभिन्न आयोजन किए जा रहे है । गणेश पर्व पर माटी शिल्प कार्यशाला के बाद नवरात्रि के अवसर पर गरबा डांडिया नृत्य की स्पर्धा आयोजित की गई ।

छात्राओं ने पारंपरिक गुजराती वेशभूषा में तथा नृत्य शैली मे मनभावन नृत्य का प्रदर्शन किया । नृत्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने कार्यक्रम का संयोजन किया तथा छात्राओं को नृत्य की बारिकियों को बतलाया ।

डॉ. ठाकुर ने कहा कि छात्राओं का उत्साह इस बात का द्योतक है कि पारंपरिक शैली वाले नृत्यों में गजब का उत्साह है । प्रतियोगिता में शबीना बानो, पूजा सोढ़ा एवं भावना दिवाकर निर्णायक थे । कार्यक्रम संयोजक ने परिणामों की घोषणा करते हुए बताया सिमरन समूह के प्रथम स्थान, भारती समूह को द्वितीय स्थान, प्रीति समूह को तृतीय स्थान प्राप्त होने की जानकारी दी । छात्रसंघ की अध्यक्ष कु. रूचि शर्मा, उपाध्यक्ष कु. नेहा साहू, सचिव कु. कोमल डडसेना तथा सहसचिव कु. निकिता पांडे ने सक्रिय भागीदारी दी । इस अवसर पर कु. नेहा साहू ने मोनो प्ले प्रस्तुत किया जिसमें सामाजिक विकृतियों पर तीखा प्रहार किया । जिसे सभी ने सराहा । देसी डे के समापन पर रूचि शर्मा ने आभार प्रदर्शन किया ।

# इरादा नेक हो तो सफलता निश्चित :- माया बेलचंदन



6 दिवसीय स्वालंबन कार्यशाला का शुभारंभ आज हुआ जिसके अंतर्गत तीन दिवसीय कुकिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती माया बेलचंदन ने किया। अपने उद्बोधन में उन्होनें कहा कि- परिश्रम व नेक इरादा से हमें सफलता मिलती है चाहे वो पढ़ाई का क्षेत्र हो या स्वालंबन का या राजनीति का। उन्होनें छात्राओं को आव्हान किया कि वे पढ़ाई में अग्रणी होने के साथ स्वालंबी भी बने तथा हुनर के लिए परिश्रम करें। आज के युग में जब तक हमारे पास डिग्री के साथ हुनर नहीं होगा हमें मंजिल नहीं मिलेगी।

उन्होनें कहा कि हमें 'बेटी' बनने का गौरव हासिल है जिसका उपयोग हम परिवार समाज व देश के लिए करें। जिला पंचायत के अंतर्गत शासन की कौशल उन्नयन के लिए बहुत सारी योजनाएँ प्रारंभ की गई है। जिसका लाभ विद्यार्थी लें जिससे उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध हो सके। उन्होनें कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे यह उनकी पहली प्राथमिकता है। कार्यशाला के माध्यम से छात्राओं में कौशल विकास का महाविद्यालय द्वारा किया जा रहा प्रयास प्रशंसनीय है।



महाविद्यालय के प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा कि इस कार्यशाला से छात्राओं को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा जिससे वे आर्थिक रूप से लाभ उठा सकेगीं तथा कौशल उन्नयन के माध्यम से अपने पैरों पर खड़ी हो सकेगीं।

कार्यशाला में सुप्रसिद्ध शैफ सुभाष अग्रवाल प्रशिक्षण दे रहे है। आज पहले दिन उन्होनें पनीर चिल्ली, स्प्रिंग रोल, आईसक्रीम, पास्ता बनाने का विधिवत प्रशिक्षण दिया जिसे सभी ने सराहा व तारीफ की।

छात्रसंघ अध्यक्ष कु. रूचि शर्मा ने भी कार्यशाला के आयोजन पर अपने विचार रखे तथा छात्राओं को कार्यशाला से लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया तथा आभार प्रदर्शन रूचि शर्मा ने किया। कार्यशाला में 500 छात्राओं ने पंजीयन कराया।

डॉ. सुशील चन्द तिवारी, प्राचार्य, शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.) द्वारा प्रकाशित तथा विकल्प विमर्श, रायपुर द्वारा मुद्रित। (केवल आंतरिक वितरण हेतु)
फोन 0788-2212207 फैक्स 0788 2212207 Email- govtgirlspgcollege@gmail.com , Website : www.govt.girlspgcollegedurg.com

# शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग

नैक से 'बी' (2.90) ग्रेड की अधिमान्यता प्राप्त महाविद्यालय

# कैम्पस न्यूज

वर्ष- 2
अंक -2
नवम्बर - 2017


## अतिरिक्त कक्षो का लोकार्पण
## कन्या महाविद्यालय का विकास होगा - : प्रेमप्रकाश पाण्डेय

महाविद्यालय में रुसा के सहयोग से निर्मित 8 अध्ययन कक्षों का लोकार्पण प्रदेश के उच्च शिक्षामंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय के द्वारा संपन्न हुआ।

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के द्वारा महाविद्यालय को अधोसंरचना विकास के लिए 1.40 करोड़ रुपये तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 1 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी जिसमें 8 अध्ययन कक्षों का निर्माण पूर्ण हुआ जिसका लोकार्पण करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने कहा कि शासन ने 900 वर्ग फीट के बड़े - बड़े अध्ययन कक्ष बनाये हैं ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई में सुविधा हो। बढ़ती प्रवेश संख्या को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त कक्षों का निर्माण प्राथमिकता से किया जा रहा है। नये सत्र में इन अतिरिक्त कक्षों का लाभ विधार्थियो को मिलेगा। महाविद्यालय में 6 और अतिरिक्त कक्षों का निर्माण भी शीघ्र प्रारंभ होगा। इसके लिए लोक निर्माण के अधिकारियों को मंत्री जी ने निर्देश दिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशीलचंद्र तिवारी ने चर्चा में मंत्री जी को बताया कि 6 अतिरिक्त कक्षो के निर्माण की महती आवश्यकता है जिसके आभाव में पुराने भवन में संचालित विज्ञान कक्षाएं यहां पर स्थानांतरित नहीं हो पा रही। विज्ञान प्रयोगशाला भवन निर्माण की भी आवश्यकता बतलाई।






## विचार संगीत से उत्पन्न होता है ।

महाविद्यालय के संगीत विभाग के द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सौजन्य से भारतीय शास्त्रीय संगीतः समय और समाज की धारा के आधुनिक परिप्रेक्ष्य में'' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी का उद्घाटन पूर्व मंत्री श्री हेमचंद यादव ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि संगीत वह विद्या है जो मन मस्तिष्क और शरीर को पूरी तरह बदल देता है, विचार संगीत से ही उत्पन्न होता है, ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जो उससे प्रभावित नहीं हुआ हो। युद्ध के मैदान में भी जब तक रणभेरी नहीं बजती है तब तक युद्ध प्रारम्भ नहीं होता। जीवन के लिए संगीत महत्वपूर्ण व उपयोगी है संगीत में रोंगटे खड़े कर देने की शक्ति व ताकत है। शास्त्रीय संगीत एक साधना है पर आजकल शास्त्रीय संगीत के प्रति लोगों की रूचि कम है, हमें लोगों को शास्त्रीय संगीत के माध्यम से आनन्द की ओर ले जाना चाहिए।

## मुख्यमंत्री युवा स्वावलंबन योजना में छात्राओं की सफलता




महाविद्यालय में मुख्यमंत्री युवा स्वावलंबन योजना की नई बैच का शुभारंभ हुआ। स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ की गई इस योजना में ''चिप्स'' के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराया जावेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रारंभ की गई इस योजना में इस सत्र में 300 छात्राएँ हिस्सा ले रही है जिन्होंने ऑनलाईन पंजीयन कराया है। चिप्स द्वारा उन्हें 100 घंटे का प्रशिक्षण दिया जावेगा तत्पश्चात ऑनलाईन टेस्ट द्वारा मूल्यांकन कर रोजगार उपलब्ध कराया जावेगा। इस सत्र की बैच का शुभारंभ ''कार्यशाला'' के माध्यम से हुआ जिसमें चिप्स रायपुर के श्री निशांत ठाकुर, श्री मणीपुरी उपस्थित हुवे। उन्होंने इस योजना की संपूर्ण जानकारी छात्राओं को दी। उल्लेखनीय है कि विगत सत्र में भी इस योजना के अंतर्गत 80 छात्राओं ने सफलता प्राप्त की थी।

# देशी डे पर गरबा की धूम





महाविद्यालय में नृत्य विभाग के त
में ''देशी डे'' का आयोजन किया गया। इस
नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई।
सभी छात्राएँ देशी परीधान में रंग-बिरंगे वेश
उत्साह से शामिल हुई। स्पर्धा में 20 टीमों
लिया। छात्राओं के समूहों ने एक से बढ़कर
नत्य प्रस्तुत किया जिससे पूरा माहोल
उत्सवमय हो गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि
श्रीमती चंद्रिका चंद्राकर थी जिन्होनें छा
प्रतिभा को सराहना की तथा उन्हें पुरस्कृत कि
में ''भारतीय डांडिया ग्रुप ने प्रथम तथा दे
समूह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# महाविद्यालय की रजनी को शहीद राजीव पाण्डेय खेल अलंकरण पुरस्कार



महाविद्यालय की छात्राएँ क्रीड़ा के क्षेत्र में भी अपना परच ा
रही है। महाविद्यालय की कु. रजनी आ. श्री कनप्पा को 2017-18 का शहीद
राजीव पाण्डेय खेल अंकरण पुरस्कार से नवाजा गया। रजनी ने 25 से
राष्ट्रीय स्पर्धाओं में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है। 2015 में
पंकज विक्रम पुरस्कार भी मिला। 2016 में इण्डोनेशिया में आयोजि
हैण्डबाल चैम्पियनशीप में भी प्रतिनिधित्व किया। रजनी ने ने
2015 केरल में भी अच्छा प्रदर्शन किया।

# एलुमिनी सम्मेलन - 'छोटी बहन' छात्रवृत्ति योजना करेंगे शुरू

महाविद्यालय में महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों का एलुमिनी सम्मेलन आयोजित किया गया।

विगत 20-25 वर्षो के पुराने विद्यार्थियों ने इस अवसर पर आपस में मुलाकात कर महाविद्यालय के पुराने दिनों की यादों को सांझा किया वही अभूतपूर्व निर्णय लेते हुए ''छोटी बहन'' छात्रवृत्ति की शुरूआत करने का प्रशंसनीय निर्णय लिया।



डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी, प्राचार्य, शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.) द्वारा प्रकाशित तथा विकल्प विमर्श, रायपुर द्वारा मुद्रित। (केवल आंतरिक

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग

नैक से 'बी' (2.90) ग्रेड की अधिमान्यता प्राप्त महाविद्यालय

# कैम्पस न्यूज

वर्ष - 3
अंक - 3
2018-19

## 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की रही धूम'




महाविद्यालय का वार्षिक स्नेह सम्मेलन शहर विधायक श्री अरूण वोरा के मुख्य आतिथ्य एवं भिलाई नगर के विधायक एवं महापौर श्री देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

इस वर्ष का स्नेह सम्मेलन 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की पृष्ठभूमि में आयोजित किया गया। अपने उद्बौधन में मुख्य अतिथि अरूण वोरा ने कहा कि कन्या शिक्षा के क्षेत्र में इस महाविद्यालय की अलग पहचान है। यहाँ की छात्राओं ने पढ़ाई-खेलकूद के क्षेत्र में शहर का गौरव बढ़ाया है। महाविद्यालय के विकास में कोई कमी नहीं आयेगी हम सब मिलकर इसके लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

उन्होनें कहा कि जिस लक्ष्य तक हम जाना चाहते है उसे पूरा करें और अपने माता-पिता और महाविद्यालय का गौरव बढ़ायें। कार्यक्रम के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने अपने उद्बौधन में कहा कि छात्राएँ राष्ट्रशक्ति का प्रतीक है। युवा वर्ग ही देश के विकास का मूल है। शासन की विभिन्न योजनाएँ विशेषकर युवा वर्ग के लिए बनायी जा रही है जिसके लिए युवा वर्ग को संकल्पित होना है कि वे नवा छत्तीसगढ़ गढने में आगे आएगें। हमारा देश विकासशील से विकसित तभी होगा जब महिला शक्ति प्रधान होगी।



कन्या महाविद्यालय के विकास के लिए शासन स्तर पर सभी सार्थक प्रयास होगें और यह महाविद्यालय पूरे प्रदेश का गौरव रहेगा। प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होनें उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम और क्रीड़ा के क्षेत्र में महाविद्यालय की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए विज्ञान प्रयोगशाला भवन की महती आवश्यकता बतलाई।

छात्रसंघ अध्यक्ष कु. तबस्सुम ने भी अपनी बात रखते हुए अतिथि द्वय से महाविद्यालय की कुछ समस्याओं के निदान का अनुरोध किया। कु. तबस्सुम ने महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी तथा मूर्तिकला पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय द्वारा अभी तक संबद्धता प्रदान नहीं किए जाने का जिक्र किया।

इस अवसर पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रावीण्यता पदक एवं प्रमाणपत्र से अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। क्रीड़ा के क्षेत्र में कु. मेघा सिंह को शहीद कौशल यादव खेल अलंकरण मिलने पर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये कु. रूचि शर्मा, सांस्कृतिक में विभा कसेर, कैम्पस एम्बेसडर प्रज्ञा मिश्रा, यूथ रेडक्रॉस हेतु कु. वेदिका देवांगन को सम्मानित किया गया।

शेष अगले पृष्ठ पर →

# अपनी बात




दुर्ग संभाग के सबसे बड़े कन्या महाविद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिये अध्यापन के साथ व्यक्तित्व विकास के प्रयास किये जा रहे है । प्रोत्साहन के अवसर आगे बढ़ने के लिए सदैव प्रेरित करते है। महाविद्यालय के शिक्षक इसके लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं ।

मेघावी विद्यार्थियों को सम्मान, खेलके क्षेत्र में अग्रणी छात्राओं को पुरस्कार और बहुमुखी प्रतिभा की धनी सांस्कृतिक एवं साहित्यिक अभिरूचि की छात्राओं को आगे लाना इस महाविद्यालय का लक्ष्य है । विगत वर्षों की अकादमिक उपलब्धियाँ हमें उत्साह से भर देती है । महाविद्यालय के विकास में जनभागीदारी समिति की भी उल्लेखनीय भूमिका रहती है । उनका सहयोग हमारे लक्ष्य को आसान बनाता है । कर्मचारियों का निष्ठापूर्वक कार्य संचालन एवं स्वच्छता अभियान में कदम से कदम मिलाकर चलना ही हमें स्वच्छता में महाविद्यालय की श्रेणी दिलाई है ।

# स्वामी विवेकानन्द की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई



प्रातः महाविद्यालय परिसर में स्थिति स्वामी विवेकानन्द की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं ने स्वामी जी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उनके संदेशों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि स्वामी जी ने युवाओं को पारम्परिक मूल्यों के साथ-साथ अपने नये समय को समझने के लिये प्रेरित किया। वे उन लोगों में से थे जिन्होंनें भारत की प्राचीनता को वैज्ञानिक दृष्टि से देखा।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि भविष्य उन युवाओं का है जो अपने सपने पर विश्वास करते है। कोई भी कार्य असंभव नहीं होता हमें लक्ष्य निर्धारित कर समर्पण की भावना से प्रयास करना चाहिये। महाविद्यालय की जेण्डर चैम्पियन रूचि शर्मा ने स्वामी विवेकानन्द के प्रेरक संस्मरणों को उल्लेखित करते हुये छात्राओं को आव्हान किया की हम सभी मै की जगह हम के अनुसार कार्य करें।

राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा कु. प्रज्ञा मिश्रा ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर डॉ. ऋचा ठाकुर ने भी प्रेरक उद्बोधन दिया। डॉ. के.एल. राठी, डॉ. सुचित्रा खोब्रागढ़े, डॉ. ज्योति भरणे, श्रीमती भावना दिवाकर आदि के साथ छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

प्रथम पृष्ठ का शेष



महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. के.एल. राठी एवं डॉ. निसरीन हुसैन की किताबों का विमोचन किया गया। छात्रसंघ की गतिविधियों पर प्रकाशित 'हमर कॉलेज' पत्रिका का भी विमोचन हुआ। कार्यक्रम का संचालन छात्रसंघ प्रभारी डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने देर शाम तक शमा बांधे रखा। अर्पणाशास्त्री की भरतनाट्यम प्रस्तुति देवी स्तुति तथा विभा कसेर और भारती साहू की प्रस्तुति अर्धनारीश्वर से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। ज्योति साहू के समूह ने तोर मया के मारे समूह नृत्य ने खूब तालियाँ बटोरी वहीं 'वतन है हमारा' और मोह-मोह के धागे गीतों ने भी खूब शमा बांधा। डिकेश्वरी राजपूत और माधुरी नायक के सामयिक एकल अभिनय ने बेहतर प्रस्तुति दी।




हर्षा सहारे और गरिमा साहू तथा प्रीति वर्मा, भजंति नायक के समूह नृत्य की खूब तारीफ हुई, पायल, पिंकी की कॉमेडी फ्यूजन ने खूब हंसाया। अंत में भांगडा ने सभी छात्राओं को नाचने के लिए मजबूर कर दिया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। अंत में छात्रसंघ के पदाधिकारियों ने आभार प्रदर्शन किया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास का आयोजन



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर में प्रातः 6.30 बजे से आयोजित योगाब्यास में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने योग की विभिन्न मुद्राओं एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा संकल्प लिया कि वे इन योग की मुद्राओं का अभ्यास प्रतिदिन के व्यवहार में लायेंगे।

इस अवसर पर योग प्रशिक्षक श्री गुप्ता ने कमर दर्द, पैर दर्द मधुमेह पर विशेष योगाभ्यास बताया। श्रीमती उर्मिला गुप्ता ने ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यास कराया जिससे एकाग्रता बढ़ती है और मन स्वस्थ रहता है।

# बॉलीबॉल में दूसरी बार गर्ल्स कॉलेज दुर्ग विजेता बना
## (सेक्टर स्तरीय महिला बॉलीबॉल प्रतियोगिता)



दिनांक 09.10.2018 को सेक्टर स्तरीय महिला बॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शासकीय महाविद्यालय वैशालीनगर एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग के मध्य दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला गया जिसमें शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग ने 2-0 से विजयी होकर फाइनल में प्रवेश किया।

शासकीय महाविद्यालय दुर्ग एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला के मध्य फाइनल मैच खेला गया जिसमें रोमांचक मुकाबले में शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग 2-0 से विजयी होकर लगातार दूसरी बार खिताब जीता। टीम की कप्तान मनीषा, सुषमा, सारिका, वैष्णवी, प्रगति, रूपाली ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया वहीं शासकीय महाविद्यालय बेरला की ओर से राधिका एवं तुलिका ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। बेरला की टीम इस प्रकार थी- निशा, शीतला, सीता, आरती, पूजा।

टीम इस प्रकार थी- मनीषा (कप्तान), सुषमा शिखा, सारिका मीना, प्रगति, वैष्णवी साहू, रूपाली शर्मा, रितिका ठाकुर, प्रीति, तेजश्वरी, डॉली, उर्मिला और प्रज्ञा टीम मैनेजर अनुजा चौहान एवं प्रशिक्षक डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ाधिकारी थी। मैच के निर्णायक श्री ओ.पी.सिंह, श्री सुरेन्द्र पाल सिंह, श्री लल्लन एवं ख्वाजा अहमद थे।

प्रतियोगिता के पश्चात पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें डॉ. अमिता सहगल, डॉ. डी.सी. अग्रवाल और डॉ. के.एल. राठी ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र से पुरस्कृत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी एवं प्राध्यापकों ने टीम को बधाई दी है। इस प्रतियोगिता के आयोजन में श्री बल्ला वैष्णव एवं श्री विजय चन्द्राकर ने अमूल्य योगदान दिया।



# ग्रीन आर्मी का गठन

महाविद्यालय की छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने एवं उन्हें दायित्वबोध से अवगत कराने के उद्देश्य से ग्रीन आर्मी का गठन किया गया। महाविद्यालय की जेण्डर चैम्पियन कु. रूचि शर्मा की लीडरशीप में गठित ग्रीन आर्मी की छात्राओं ने परिसर को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया तथा परिसर में पौधा रोपण किया। छात्राएँ नियमित रूप से परिसर में साफ-सफाई एवं पौधों की देखभाल कर रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने ग्रीन आर्मी की छात्राओं को टीशर्ट एवं कैप प्रदान किया।

# छात्राओं ने बनाये इको फ्रेंडली गणेश



महाविद्यालय में चित्रकला एवं मूर्तिकला विभाग के तत्वाधान में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को इको फ्रेंडली गणेश बनाना सिखाया गया। कार्यशाला का उद्घाटन महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती जयश्री समर्थ ने किया। उन्होनें छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण की महती जवाबदारी हमारी युवापीढ़ी को है। हमारी प्राचीन परंपराएँ एवं संस्कृति सदैव पर्यावरण के हित में रही हैं जो हमारी गलतियों से क्षरित हो रही है। यह कार्यशाला हमें बहुत ही सीख देती है। कार्यशाला में सुप्रसिद्ध कलाकार राजेन्द्र सुगरिया, संघर्ष कुमार, नरेन्द्र साहू, ताकेश्वर सिंह ने छात्राओं को आसान तरीके से गणेश प्रतिमाएँ बनाना सीखाया साथ ही उन्हें प्राकृतिक रंगों से रंगा गया। चित्रकला विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि इस कार्यशाला में 300 छात्राओं ने भाग लिया तथा गणेश प्रतिमाएँ बनायी गयी। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया गया तथा छात्राओं को बताया गया कि गणेश चतुर्थी में इन्हें अपने घर में स्थापित करें तथा अनंत चर्तुदर्शी को विसर्जन घर में ही बाल्टी में करें तथा उस पानी को गमलों में पौधों में डालें।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कार्यशाला को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए छात्राओं के प्रयासों की प्रसंशा की। कार्यशाला का समापन छात्राओं द्वारा निर्मित सभी प्रतिमाओं को प्रदर्शित किया गया तथा सभी प्रशिक्षकों का महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यशाला में डॉ. रोहिणी पाटणकर, श्रीमती कीर्ति शर्मा, डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी, ग्रीन आर्मी की रूचि शर्मा तथा छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता दी।

# जिंदल फाऊडेंशन ने दी छात्रवृत्ति



महाविद्यालय की 30 छात्राओं को सीताराम जिंदल फाऊडेंशन नई दिल्ली के द्वारा मेरिट स्कॉलरशीप हेतु चयनित किया गया है। महाविद्यालय के ने बताया कि सीताराम जिंदल फाऊडेंशन, नई दिल्ली पूरे भारत में उच्च शिक्षा हेतु विद्यार्थियो को मेरिट स्कॉलरशीप प्रदान करता है। जिसके लिए चयन प्रक्रिया में सफल होने पर प्रवेश शुल्क एवं परीक्षा शुल्क के साथ ही किताबों के लिए राशि स्वीकृत की जाती है। गत वर्ष महाविद्यालय से 6 छात्राओं का चयन किया गया था। इस वर्ष 30 छात्राऐं चयनित की गयी है जिसमें बी. कॉम की 26 बी.एस.-सी. की 02 तथा बी.ए. की 02 छात्राऐ हैं।

उक्त स्कॉलरशीप के लिए न्यूनतम 65 प्रतिशत अंक अनिवार्य है। छात्राओं को प्राचार्य एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी. सी. अग्रवाल, डॉ. अनिल जैन, डॉ. शशि कश्यप ने चेक प्रदान किये तथा शुभकामनांए दी। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय, की छात्राओं को अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा भी आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है तथा मेघावी छात्राओं को सम्मानित किया जाता है। इसी तरह महाविद्यालय की एलुमनी संगठन द्वारा भी 10 छात्राओं को छोटी बहन छात्रवृत्ति दी जाती है। प्राध्यापकों द्वारा संचालित ''मोर नोनी'' योजना के अंतर्गत एक-एक छात्राओं की पढ़ाई का जिम्मा शिक्षकों ने लिया है जो की अनुकरणीय है।

# कॉलेज में तबस्सुम बनी अध्यक्ष



तबस्सुम



अनंदिता बिश्वास



प्रिया देवांगन



छाया सोनी

डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी, प्राचार्य, शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.) द्वारा प्रकाशित तथा विकल्प विमर्श, रायपुर द्वारा मुद्रित। (केवल आंतरिक वितरण हेतु)
फोन 0788-2212207 फैक्स 0788 2212207 **Email**- govtgirlspgcollege@gmail.com , **Website** : www.govt.girlspgcollegedurg.com